<u>ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल</u>

विषय – हिंदी **कक्षा –**सात **अभ्यास पत्र** **नवंबर (2024-2025)**

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

हर बड़ा साहित्यकार साहित्य और विशेषकर शब्द की गरिमा और मर्यादा पर लड़ने-मरने को तैयार रहता हैं। बच्चन जी के साथ भी कुछ ऐसा ही है। बच्चन जी ने जितना आदर अपने साहित्य का किया उतना ही भारत तथा विदेशों के साहित्य का भी किया इसलिए समय-समय पर अनुवाद संबंधी नीति बनाते हुए उन्होंने भाषा की गरिमा बनाए रखने पर बहुत बल दिया। उनका कहना था कि अंग्रेजी का अनुवाद बाजारू स्तर की हिंदी में करना हिंदी के साथ अन्याय करना है। जब-जब हिंदी अंग्रेजी के स्तर तक उठने की कोशिश करती है तब उस पर तुरंत दोष लगाया जाता है कि वह कठिन और क्लिष्ट है तथा जब वह उससे घबराकर अति सरलता की ओर जाती है तो उसे अपरिपक्व कह दिया जाता है। बच्चन जी ने अपने गद्य और पद्य दोनों में ही एक सुंदर, सुगठित और सरल हिंदी का प्रयोग करके यह सिद्ध कर दिया कि आवश्यकता के अनुसार संस्कृत की ओर झुकती हिंदी भी लोकप्रिय और लोकरंजक हो सकती है।

i. गद्यांश के अनुसार बच्चन जी के विषय में कौन-सा कथन सत्य है?
(क) वे केवल अपने साहित्य का ही आदर करते थे।
(ख) वे केवल विदेशी साहित्य का ही आदर करते थे।
(ग) मैं जितना आदर अपने साहित्य का करते थे उतना ही आदर भारत तथा विदेशों के साहित्य का भी करते थे।
(घ) इनमें से कोई नहीं।

ii. अनुवाद संबंधी नीति बनाते समय बच्चन जी ने किस बात पर अधिक बल दिया?
(क) अपने साहित्य के प्रचार-प्रसार पर
(ख) विदेशी साहित्य के प्रचार पर
(ग) आम बोल-चाल की भाषा के प्रयोग पर
(घ) भाषा की गरिमा बनाए रखने पर

iii. बच्चन जी के अनुसार किस प्रकार की हिंदी लोकप्रिय और लोकरंजक हो सकती है?
(क) आम बोलचाल की
(ख) उर्दू से प्रभावित हिंदी
(ग) संस्कृत की ओर झुकती हिंदी

(घ) इनमें से कोई नहीं

iv बच्चन जी को अपने साहित्य से प्यार था, यह किन पंक्तियों से साबित होता है ?
v अनुवाद करते समय हिंदी पर क्या आरोप लगते हैं ?

प्रश्न 2. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

I) निम्नलिखित वाक्यों में अविकारी शब्द रेखांकित कीजिए और उनके भेद बताइए -
क) महेश ने मोहन के लिए आज ही एक पुस्तक खरीदी |
ख) सभी को यथेष्ट दक्षिणा दी गई |
ग) सावधान! आगे गहरी खाई है |
घ) वह कद में तो छोटा है पर काम बड़े-बड़े कर दिखाता है |
ड़) दुकान के पास ही एक नल लगा था |
च) मुझे एक ही गिलास पानी चाहिए |

ii) वाक्य संबंधी अशुद्धियाँ दूर कर वाक्य दोबारा लिखिए –
क) बच्चा छत पर से गिर गया |
ख) मेरे पास अनेकों पुस्तकें हैं |
ग) यहाँ कूड़ा नहीं फेकों |
घ) तुम कर रहे हो क्या ?
ड) मैं सोमवार के दिन आता हूँ |

प्रश्न 3.निम्न प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में दीजिए।

1) फास्ट-फूड के फायदे और नुकसान लिखिए |
2) अंग्रेज़ महिला ने नीलकंठ को परफ़ैक्ट जेंटलमैन की उपाधि क्यों दी ?
3) चार प्रांत के अलग-अलग मुख्य भोजन के नाम लिखिए |
4) नीलकंठ आपके विचार से क्यों और कैसे मरा होगा ?

प्रश्न 4. चश्मा टूटने पर दादी –पोते के बीच हुई बात-चीत को लगभग 60 –80 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए ।

प्रश्न 5. दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए बहन को लगभग 30 –40 शब्दों में संदेश लिखिए |